# पुलिस स्मृति दिवस

## 2016

**21 अक्टूबर, 2016**

**राम नाईक**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश



सत्यमेव जयते

**राज भवन**
लखनऊ–226 027
दिनांक : 13 अक्टूबर 2016

# संदेश


पुलिस के इतिहास में 21 अक्टूबर का विशेष महत्व है। इस अवसर पर हम उन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं, जिन्होंने इस देश की सम्प्रभुता को चुनौती देने वाली ताकतों से डटकर मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया।

उत्तर प्रदेश एक विशाल जनसंख्या एवं विविधताओं का प्रदेश है जिस कारण उत्तर प्रदेश में कानून–व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराध नियन्त्रण की दिशा में पुलिस की चुनौतियाँ भी बहुआयामी हैं। इन्हीं चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हुए विगत एक वर्ष में उत्तर प्रदेश के 116 पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी है। ऐसे सभी वीर पुलिसजनों को मैं शत्–शत् नमन करते हुए हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

मेरी कामना है कि इस अवसर पर प्रकाशित होने वाली पावन स्मृति पुस्तिका–2016 सभी पुलिसजनों को अन्याय के विरूद्ध साहसपूर्वक कार्य के लिये प्रेरित करती रहे।

**( राम नाईक )**

**अखिलेश यादव**



मुख्य मंत्री
उत्तर प्रदेश

लोक भवन,
विधान सभा मार्ग, लखनऊ

दिनांक : 15 अक्टूबर, 2016

# संदेश

'पुलिस स्मृति दिवस' के पावन अवसर पर मैं उन सभी वीर एवं कर्तव्यनिष्ठ पुलिसजन को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा अत्यन्त विषम परिस्थितियों में भी कानून–व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी गई है। इससे आम जनता में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है एवं पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। प्रदेश पुलिस अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रतिबद्ध है तथा त्वरित सक्रियता से रिस्पॉन्स टाइम को कम करके न्यूनतम समय में आम जनता को सहायता पहुंचाने की ओर अग्रसर है।

विगत एक वर्ष में प्रदेश के 116 पुलिस कर्मियों ने अपराध नियंत्रण एवं अन्य चुनौतियों का सामना करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। इन वीर पुलिस कर्मियों को अपनी एवं प्रदेश की जनता की ओर से श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए मैं शहीद पुलिसजन के परिजनों को आश्वस्त करता हूं कि उत्तर प्रदेश शासन सदैव उनके साथ है।

मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार अपने साथी पुलिस कर्मियों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। सच्ची निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से कार्य करते हुए अपराधियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करना, गरीबों, महिलाओं सहित समाज के सभी कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा करते हुए कानून का शासन स्थापित करना ही शहीद पुलिस कर्मियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**( अखिलेश यादव )**

**जावीद अहमद**
आई.पी.एस.

**पुलिस महानिदेशक,**
**उत्तर प्रदेश।**
**1– तिलक मार्ग, लखनऊ**
**फोन नं.–0522–2206104,**
**फैक्स नं. 2206120**
**सीयूजी नं. 9454400101**
**ई–मेल**–police.up@nic.in
**वेबसाइट** : https://uppolice.gov.in



दिनांक : अक्टूबर 13 , 2016

# श्रद्धांजलि

**'पुलिस स्मृति दिवस'** ऐसे वीर शहीद पुलिसजनों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने राष्ट्र व समाज की रक्षा के निमित्त कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। इस अवसर पर हम विगत एक वर्ष में वीरगति प्राप्त पुलिसजनों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

एक ऐतिहासिक शौर्यगाथा 57 वर्ष पूर्व की है जब 21 अक्टूबर 1959 को देश की उत्तरी सीमा लद्दाख के बर्फीले निर्जन एवं दुरूह क्षेत्र में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 10 जवान अपनी नियमित गश्त पर निकले थे, उसी दौरान घात लगाकर स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक हमारे वीर जवानों पर आक्रमण कर दिया। केन्द्रीय पुलिस बल के इन बहादुर जवानों ने साधारण असलहों के बावजूद भी अत्यन्त साहस एवं वीरतापूर्ण शत्रु सेना का मुकाबला करते हुए मातृभूमि की रक्षा में सभी 10 पुलिसजनों ने कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे दी।

01 सितम्बर 2015 से 31 अगस्त 2016 तक की अवधि में सम्पूर्ण भारत वर्ष में कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों का बलिदान करने वाले 479 पुलिसजनों में उत्तर प्रदेश के 116 पुलिसजन सम्मिलित हैं। इनमें 01 अपर पुलिस अधीक्षक, 04 निरीक्षक, 16 उपनिरीक्षक, 01

एचओएम, 27 मुख्य आरक्षी, 01 सहायक परिचालक, 01 लीडिंग फायरमैन, 06 आरक्षी चालक, 57 आरक्षी व 02 फायरमैन हैं। इन वीर पुलिस कर्मियों का राष्ट्र प्रेम, समर्पित भाव एवं प्राणों का बलिदान भावी पीढ़ी को भी कर्तव्यपथ पर निर्भीकता से अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। हमें पुलिस के इन वीर जवानों पर गर्व है।

पुलिस स्मृति दिवस–2016 के अवसर पर मैं उनके महान बलिदान से अभिभूत हूॅ। अपनी तथा समस्त पुलिस बल की ओर से उन वीर शहीद पुलिसजनों को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूॅ तथा उनके परिजनों को आश्वस्त करता हूॅ कि अपनों से दूर होने के दुःख में पुलिस विभाग सदैव उनके साथ है।

13.X.16

**(जावीद अहमद)**
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश

# पुलिस स्मृति दिवस–2016
# समय–सारणी

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मार्का | प्रातः **8.00 बजे** |
| 2. | परेड फाल इन | प्रातः **8.05 बजे** |
| 3. | सैन्य सहायक को परेड का हस्तान्तरण (चार्ज देना) | प्रातः **8.10 बजे** |
| 4. | परेड कमाण्डर को परेड का हस्तान्तरण (चार्ज देना) | प्रातः **8.15 बजे** |
| 5. | पुलिस महानिदेशक का आगमन एवं सलामी | प्रातः **8.20 बजे** |
| 6. | **मा. मुख्यमंत्री जी का आगमन एवं सलामी** | प्रातः **8.25 बजे** |
| 7. | शहीद पुस्तिका का लाया जाना और पुलिस महानिदेशक के माध्यम से मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा मंच पर प्रस्थापित किया जाना<br>तथा<br>पुलिस महानिदेशक द्वारा श्रद्धांजलि अर्पण एवं शहीदों/मृत पुलिसजनों के नामों का पढ़ा जाना, तत्पश्चात् पुस्तिका वापस वाहक को प्रदान किया जाना और शहीद स्मारक तक ले जाया जाना | प्रातः **8.31 बजे से** **8.55 बजे तक** |
| 8. | मा. मुख्यमंत्री जी, पुलिस महानिदेशक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुष्पचक्र (रीथ) अर्पण | प्रातः **8.55 बजे से** **9.05 बजे तक** |
| 9. | शहीदों को सलामी एवं शोक प्रदर्शन तथा लास्ट पोस्ट | प्रातः **9.07 बजे से** **9.09 बजे तक** |
| 10. | मा. मुख्यमंत्री जी एवं पुलिस महानिदेशक की मंच पर वापसी | प्रातः **9.09 बजे** |
| 11. | मा. मुख्यमंत्री जी का उद्‌बोधन | प्रातः **9.10 बजे से** |
| 12. | परेड समाप्त (मा. मुख्यमंत्री जी के उद्‌बोधन के उपरान्त) | |

# 21 अक्टूबर सन् 1959 को भारत की उत्तरी सीमा की रक्षा करते हुए शहीद होने वाले वीर जवानों की सूची

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सी.टी. | ईमान सिंह | प्रथम वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 2. | सी.टी. | पूरन सिंह | प्रथम वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 3. | सी.टी. | नुरबू लामा | प्रथम वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 4. | सी.टी. | बेगराज | द्वितीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 5. | सी.टी. | माखनलाल | द्वितीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 6. | सी.टी. | शिवनाथ | तृतीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 7. | सी.टी. | मनजीत सुबा | तृतीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 8. | सी.टी | धरम सिंह | तृतीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 9. | सी.टी. | श्रवण दास | तृतीय वाहिनी | सी.आर.पी. |
| 10. | सी.टी. | शेरिंग नुरबू | तृतीय वाहिनी | सी.आर.पी. |

# पुलिस स्मृति दिवस–2016

जनसेवा का उच्च आदर्श हृदयंगम किये अनेकों पुलिस जन प्रति वर्ष कर्तव्यपथ का अनुगमन करते हुये वीरगति को प्राप्त होते रहे हैं। पुलिस जनों के कार्य की प्रकृति ही कुछ ऐसी है कि इसमें कदम–कदम पर जोखिम व जीवनभय सन्निहित है यही कारण है कि प्रतिवर्ष अपने कार्यों को अंजाम देने की प्रक्रिया में पुलिस कर्मी बड़ी तादात में कर्तव्य की बलिवेदी पर अपनी प्राणाहुतियाँ देते रहे हैं। अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये जन सेवा के उच्च आदर्श की प्राप्ति में मर–मिटने से भी गुरेज न करने वाले ये पुलिस जन मर कर भी अमर हो जाते हैं। इनकी कीर्ति व यशोगाथा समय के साथ क्षरित नहीं होती अपितु अविरल अनुप्राणित करती रहती है। पुलिस की भावी संततियों को उसी पथ पर द्विगुणित साहस व मनोयोग से आगे बढ़ने के लिये ऐसी एक गाथा आज से सत्तावन वर्ष पुरानी है।

भारत की उत्तरी सीमा, लद्दाख का जनहीन क्षेत्र, 15,000 फिट से ऊँचे बर्फ से ढके पर्वतों, दर्रों के बीच जहाँ कि सामान्य नागरिक सुविधाओं के उपलब्ध होने की कल्पना तक नहीं की जा सकती, वहाँ सदैव की भाँति उस दिन भी देश की सीमा के सजग प्रहरी ''केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल'' के जवान अपने नियमित गश्त पर निकले थे। गश्त के दौरान अचानक उन्हें लगा कि वे शत्रु से घिर चुके हैं। चीनी सैनिकों ने छलपूर्वक हमारे क्षेत्र में आकर हमारे ही सिपाहियों को पकड़ने के लिये एम्बुश लगाया था। चीनियों ने दावा किया कि वह क्षेत्र उनका है पर भारतीय पुलिस के जवान, जो कि अपने परिजनों को छोड़ सुख–सुविधा से दूर उस निर्जन क्षेत्र में मातृभूमि की रक्षा का प्रण लेकर आये थे, अपनी मातृभूमि का एक इंच टुकड़ा भी शत्रु को कैसे सौंप देते, प्राण देकर भी मातृभूमि की रक्षा करने की भारतीय बहादुरों की परम्परा पर उन्होनें आंच नहीं आने दी तथा साधारण शस्त्रों के सहारे ही ये जवान स्वचालित रायफलों व मोर्टारों से लैस चीनियों से भिड़ गये। इस प्रकार भारतीय पुलिस के दस बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी।

इस घटना का समाचार पाकर सारा राष्ट्र स्तब्ध रह गया। 21 अक्टूबर, 1959 का यह दिन हमारे जवानों की प्रेरणा का एक अनन्य श्रोत बन गया। मातृभूमि की रक्षा के लिये प्राणों तक का उत्सर्ग कर देने वाले

बहादुरों का बलिदान सदैव हमें अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देता है। इन्हीं वीर जवानों की याद में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को सम्पूर्ण भारत के पुलिस जन वीरगति को प्राप्त हुए अपने साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। ''शत्–शत् नमन'' उन बहादुरों को जिनके लिये कर्तव्य पालन प्राणों से भी अधिक प्रिय रहा ।

दिनांक 01 सितम्बर 2015 से 31 अगस्त 2016 तक की अवधि में सम्पूर्ण भारत में 479 पुलिसजनों द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपनी जीवनाहुतियाँ दी गई हैं, जिसमें आंध्रप्रदेश–14, अण्डमान एण्ड निकोबार आइसलैण्ड–02, अरूणाचल प्रदेश–01, आसाम–08, बिहार–06, छत्तीसगढ़–19, दिल्ली–17, गुजरात–03, हरियाणा–01, हिमांचल प्रदेश–05, जम्मू कश्मीर–23, झारखण्ड–06, कर्नाटक–22, केरल–02, मध्य प्रदेश–05, महाराष्ट्र–05, मेघालय–04, नागालैण्ड–02, पंजाब–01, राजस्थान–01, तमिलनाडु–01, तेलंगाना–01, उत्तराखण्ड–10, पश्चिम बंगाल–23, बीएसएफ–55, सीआईएसएफ–09, सिविल डिफेन्स–02, सीआरपीएफ–41, आईटीबीपी–07, एमएचए–01, एनडीआरएफ–05, एनआईए–01, एनएसजी–01, आरपीएफ–15, एसपीजी–05 एवं एसएसबी–39 के जवान सम्मिलित हैं। इनके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के 01 अपर पुलिस अधीक्षक, 04 निरीक्षक, 16 उपनिरीक्षक, 01 एचओएम, 27 मुख्य आरक्षी, 01 सहायक परिचालक, 01 लीडिंग फायरमैन, 06 आरक्षी चालक, 57 आरक्षी व 02 फायरमैन हैं। इस प्रकार कुल–116 पुलिसजन सम्मिलित हैं। उत्तर प्रदेश के समस्त पुलिसजन इनके महान कर्तव्यपालन व अप्रतिम बलिदान की सराहना में नतमस्तक हैं और अपनी हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

●●●

## दिनांक 01.09.2015 से 31.08.2016 तक की अवधि में कर्तव्यपथ पर शहीद हुए पुलिस कर्मियों की शौर्य गाथा से सम्बन्धित प्रमुख घटनायें

### 1. स्व0 श्री सत्य प्रकाश सरोज, आरक्षी, जनपद फैजाबाद

दिनांक 22.06.2016 को थाना इनायतनगर जनपद फैजाबाद में श्री सत्यप्रकाश सरोज, आरक्षी एवं उनके हमराह पुलिस पार्टी अपने क्षेत्र में निष्ठापूर्वक कर्तव्य का निष्पादन कर रहे थे कि उसी दौरान उन्हें मलेथू बुर्जुग के अत्यन्त घने जंगलों में निर्दयी पशु तस्करों द्वारा गौवंश का वध करने के उद्देश्य से तस्करी की सूचना प्राप्त हुई। इस पर श्री सत्य प्रकाश सरोज आरक्षी व हमराह पुलिस बल अपने कर्तव्यों का पालन करते हुये तीव्रगति से मौके पर पहुँचकर 10 से अधिक की संख्या में खूँखार पशु तस्करों की घेराबन्दी की। इस कार्यवाही से पशु तस्कर विचलित होकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने लगे। श्री सत्य प्रकाश सरोज, आरक्षी द्वारा अदम्य साहस व शौर्य का प्रदर्शन करते हुये अपनी जान की परवाह न कर, पशु तस्करों को ललकारा व पकड़ने का प्रयास किया। इस मुठभेड़ में इन बदमाशों द्वारा श्री सत्य प्रकाश सरोज, आरक्षी को गोली मार दी गयी, जिससे यह गम्भीर रूप से घायल हो गये। इलाज के दौरान आरक्षी सत्य प्रकाश सरोज की दिनांकः 25.06.2016 को मृत्यु हो गयी।


सत्यप्रकाश सरोज

इस प्रकार श्री सत्य प्रकाश सरोज, आरक्षी अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य की वेदी पर शहीद हुए।

### 2. स्व0श्री अख्तर खान, उ0नि0ना0पु0, जनपद गौतमबुद्धनगर

दिनांक 25.04.2016 को श्री अख्तर खान, उ0नि0 शान्ति व्यवस्था ड्यूटी एवं वांछित अपराधियों की तलाश हेतु रवाना हुए तथा मो0–नई आबादी कस्बा व थाना दादरी स्थित वांछित अभियुक्त जावेद पुत्र वारसी के मकान पर दबिश दी गयी। मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त की तलाश एवं गिरफ्तारी के क्रम में फरकान


अख्तर खान

पुत्र सगीर, गुलफाम उर्फ तोता पुत्र सलीम, औरंगजेब पुत्र शकूर व दो तीन अन्य बदमाश मिले। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास के समय मौजूद बदमाशों ने पुलिस बल पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस बल द्वारा अपने सरकारी शस्त्रों से फायरिंग की गयी। इसी दौरान श्री अख्तर खान को बदमाशों द्वारा चलायी गयी गोली गर्दन पर लगकर पीछे से निकल गयी, जिस कारण वे खून से लथपथ कमरे में गिर पड़े। श्री अख्तर खान, उ0नि0 को उपचारार्थ राजकीय चिकित्सालय दादरी ले जाया गया, किन्तु चिकित्सकों द्वारा इन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

इस प्रकार श्री अख्तर खान, उ0नि0 द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

### 3. स्व0 श्री सर्वेश कुमार यादव, उ0नि0ना0पु0, जनपद बदायूँ

दिनांक 22.06.2016 को थाना बिनावर, जनपद बदायूं की नियुक्ति के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अपाचे मोटर साइकिल पर 03 बदमाश घट बेहटी के जंगल में है। इस सूचना पर ग्राम घट बेहटी रोड से ग्राम ढकिया को जाने वाले कच्चे सड़क तिराहे पर खड़े होकर श्री सर्वेश कुमार यादव, उ0नि0 मय हमराही श्री प्रमोद कुमार, आरक्षी के साथ बदमाशों का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद एक मोटर साइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखकर उनको रोकना चाहा तो बदमाशों ने मोटर साइकिल को तेज कर दिया। श्री सर्वेश कुमार उ0नि0 ने मोटर साइकिल चलाने वाले बदमाश का हाथ पकड़ा तो मोटर साइकिल पर सवार बदमाशों ने जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली श्री सर्वेश कुमार, उ0नि0 के पेट में लगी, जिससे उ0नि0 गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा बदमाश श्री सर्वेश कुमार, उ0नि0 की सरकारी पिस्टल छीनकर भाग गये। घायल अवस्था में उ0नि0 सर्वेश कुमार को उपचार हेतु सिद्धि विनायक अस्पताल, बरेली ले जाया गया जहॉ पर डाक्टरों द्वारा इन्हें मृत घोषित कर दिया गया।


सर्वेश कुमार

इस प्रकार श्री सर्वेश कुमार यादव, उ0नि0ना0पु0 द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

**4. (1) स्व0 श्री भीमसेन, आरक्षी ना0पु0., जनपद बदायूँ**

**(2) स्व0 मु0 सहीम खॉ, आरक्षी ना0पु0, जनपद बदायूँ**

दिनांक 17.02.2016 को थाना बिल्सी में नियुक्त श्री भीमसेन आरक्षी ना0पु0 तथा मु0 सहीम खॉ आरक्षी ना0पु0 गश्त हेतु रवाना हुए। गश्त के दौरान ग्राम गढ़ौली के जगतपाल मौर्या द्वारा तेज आवाज में डेक बजाने की शिकायत पर प्रचलित उ0प्र0 बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत उसे रोके जाने हेतु घर के बाहर आवाज देकर डेक बजाने से मना किया गया। प्रतिशोध स्वरूप जगतपाल मौर्या एवं उसके परिवारीजनों द्वारा दोनों आरक्षियों को घर के अन्दर खींच लिया और हाथों मे पकड़े डन्डों, कुल्हाड़ी, फावडा और चाकू से जान से मारने की नियत से वार कर दिया गया। पूर्व प्रधान श्री श्रीकृष्ण द्वारा थानाध्यक्ष बिल्सी श्री नरेन्द्र कुमार यादव को घटना के बारे में सूचित किया गया। प्राप्त सूचना पर थानाध्यक्ष बिल्सी आवश्यक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे तो जगतपाल मौर्या के घर के आंगन में आरक्षी ना0पु0 सहीम खॉ तथा आरक्षी ना0पु0 भीमसेन अत्यंत घायल अवस्था में पड़े मिले। उन्हें तत्काल ही राममूर्ति स्मारक मेडिकल कालेज बरेली पहुँचाया गया। जहां उसी दिन आरक्षी भीमसेन एवं आरक्षी सहीम खॉ की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।



भीम सेन



सहीम खाँ

इस प्रकार श्री भीमसेन, आरक्षी ना0पु0 तथा मु0 सहीम खॉ, आरक्षी ना0पु0 द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

**5. (1)स्व0 श्री मुकुल द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक, 'नगर', मथुरा**

**(2)स्व0 श्री संतोष कुमार यादव, उ0नि0ना0पु0, जनपद मथुरा**

स्वाधीन भारत विधिक सत्याग्रही/स्वाधीन भारत सुभाष सेना के कथित आन्दोलनकारी लगभग 288 एकड़ भूमि पर अनधिकृत रूप से



मुकुल द्विवेदी



संतोष कुमार

झोपड़ी बनाकर तथा टेण्ट लगाकर रहने लगे एवं इनके द्वारा उद्यान विभाग के कार्यालय, आवासीय भवनों पर भी अनधिकृत रूप से कब्जा कर लिया गया। इन कथित आन्दोलनकारियों द्वारा स्थानीय लोगों से कई बार अभद्रता एवं मारपीट आदि की गई, इनके कृत्यों से जनता में आक्रोश फैलने लगा। अनधिकृत कब्जा हटाने हेतु की गई कार्यवाही के तहत दिनांक 02.06.2016 को समय करीब 1700 बजे श्री मुकुल द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मथुरा एवं थानाध्यक्ष फरह श्री सन्तोष कुमार यादव मय पुलिस बल जवाहरबाग के मेनगेट पर पहुँचे। वहाँ इन उपद्रवियों ने महिलाओं को लाठी डण्डे के साथ आगे कर दिया तथा पुरूष उपद्रवियों ने नाजायज असलहों के साथ पीछे मोर्चा ले लिया। पुलिस बल जेल की तरफ से उद्यान विभाग की टूटी बाउण्ड्रीवाल से लगभग 20—25 मीटर अन्दर घुसकर अवैध कब्जा हटाने हेतु अवगत करा रहे थे। तभी हजारों आन्दोलनकारी पुरूष एवं महिलाओं ने उत्तेजित होकर पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से ईंट, पत्थर व हथगोले फेंकना तथा नाजायज असलहों से फायरिंग शुरू कर दी। उपद्रवियों द्वारा किये गये हमले में श्री मुकुल द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं श्री संतोष कुमार, उप निरीक्षक के गम्भीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी।

इस प्रकार श्री मुकुल द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक तथा श्री संतोष कुमार यादव, उ0नि0ना0पु0 द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी।

●●●

# Police Commemoration Day

## October 21st, 2016

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| | | **ANDHRA PRADESH** |
| 1 | SI-1077 | SK JAMSHEED BASHA |
| 2 | ASI-858 | SRI JONNADA DHANA RAJU |
| 3 | ASI-850 | MD. JAN PASHA |
| 4 | HC-1925 | P HAJARATH RAO |
| 5 | HC-1530 | U VENKATAIAH |
| 6 | CONST-2003 | G DURGANAGAMALLESWARARAO |
| 7 | CONST-784 | D PRASAD NAIDU |
| 8 | CONST-2273/AR | N ADINARAYANA |
| 9 | CONST-6/AR | D THIRUMALA |
| 10 | CONST-2921 | D RAMBABU |
| 11 | CONST-660 | D MILANDA KUMAR |
| 12 | CONST-1837 | D V GOPAL REDDY |
| 13 | CONST-3989 | S RAMESH |
| 14 | CONST-2165 | P SATHISH |
| | | **A & N INLANDS** |
| 15 | HC-1077 | SURESH KUMAR |
| 16 | CONST-2343 | BIJU GEORGE |
| | | **ARUNACHAL PRADESH** |
| 17 | DY.SP | BOMTO KAMDAK |
| | | **ASSAM** |
| 18 | SI (UB) | VINOD PHANGSHO |
| 19 | SI (UB) | NIROOD RAM DAS |
| 20 | UBC | SUKHEN PHUKAN |
| 21 | HAVALDAR | DIPEN HAZARIKA |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 22 | ABC | ABDUL RAHIM KHAN |
| 23 | CONST | SUKLESWER NATH |
| 24 | CONST | SWAPAN KUMAR NATH |
| 25 | FIREMAN | KANAK KALITA |
| | | **BIHAR** |
| 26 | SI | BHAVESH KUMAR |
| 27 | SI | AJIT KUMAR |
| 28 | ASI | VIJAY KUMAR |
| 29 | ASI | RAJ KISHORE SINGH |
| 30 | SAP-0755 | SHYAM NAND THAKUR |
| 30 | SAP-10247 | RAM NARESH SINGH |
| | | **CHHATTISGARH** |
| 32 | SI | PUSHPARAJ NAGVANSHI |
| 33 | ASSTT.PLATOON COMMANDER | PANCHRAM BHAGAT |
| 34 | CONST-81 | MANARU RAM BEJAM |
| 35 | CONST-569 | SAMUNDSAY DEVANGAN |
| 36 | CONST-559 | ASHWANI SINGH RAJPUT |
| 37 | CONST-1042 | SANT KUMAR NETAM |
| 38 | CONST-1317 | BABURAM MADAKAM |
| 39 | CONST-246 | SHAMANATH ATTAMI |
| 40 | CONST-1177 | LALSAI PURAME |
| 41 | CONST-649 | ADITYASHARAN PRATAP TANWAR |
| 42 | CONST-292 | DINESH KUMAR BAGHEL |
| 43 | ASSTT. CONST-138 | PEELADAS |
| 44 | ASSTT. CONST-456 | KUDIYAM PANDU |
| 45 | ASSTT. CONST-24 | BAIJURAM POTAI |
| 46 | ASSTT. CONST-552 | RAMLAL VETTI |
| 47 | ASSTT. CONST-656 | MOTIRAM KUNJAM |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 48 | ASSTT. CONST-677 | AAYTU LEKAM |
| 49 | ASSTT. CONST-606 | MADAKAM JOGA |
| 50 | ASSTT. CONST-1376 | PASAPUL TIRUPATI |
| | **DELHI** | |
| 51 | ASI-2075/T | MANOJ KUMAR |
| 52 | HC-605/W | MAHAVIR PRASAD MEENA |
| 53 | HC-7063/DAP | NAND KISHORE |
| 54 | HC-672/T | BRIJ LAL |
| 55 | HC-2075/DAP | RAM KANWAR MEENA |
| 56 | HC-408/SE | RAJBIR SINGH |
| 57 | HC-1809/W | HARI KISHAN |
| 58 | HC-516/N | ABDUL SABUR |
| 59 | CONST-499/NE | SUNIL KUMAR |
| 60 | CONST-2667/E | MANOJ KUMAR |
| 61 | CONST-862/SW | BIRENDRA SINGH |
| 62 | CONST-845/SE | ASHOK KUMAR |
| 63 | CONST-584/SB | ANAND KUMAR |
| 64 | CONST-1302/OD | PRAVEEN YADAV |
| 65 | CONST-5173/SEC | ARVIND KUMAR |
| 66 | CONST-3184/SD | DEEPAK KUMAR |
| 67 | CONST-1641/OD | ANAND SINGH |
| | **GUJARAT** | |
| 68 | HC | PANKAJBHAI RAMESHBHAI AMRELIYA |
| 69 | CONST | BHARATBHAI ASHVINBHAI NESDA |
| 70 | CONST | CHADRAKANT JATNTILAL MAKWANA |
| | **HARYANA** | |
| 71 | CONST-233/RWR | RAJ SINGH |
| | **HIMACHAL PRADESH** | |
| 72 | SI | KISHOR KUMAR |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 73 | HHC-624 | LAIQ RAM |
| 74 | HHC-784 | RAJESH KUMAR |
| 75 | HC-210 | PURAN SINGH |
| 76 | CONST-527 | RAKESH KUMAR |
| | **JAMMU & KASHMIR** | |
| 77 | INSPECTOR-EXK9834487 | MOHAMMAD ATLAF DAR |
| 78 | ASI-EXK841262 | GHULAM MOHAMMAD |
| 79 | ASI-EXK822368 | BASHIR AHMED |
| 80 | ASI-EXJ795719 | ASHOK SINGH |
| 81 | ASI-EXK791488 | ALTAF HUSSAIN |
| 82 | HC-EXK921280 | NAZIR AHMED |
| 83 | HC-EXK871568 | ASHOK KUMAR |
| 84 | HC-EXJ846423 | OM PARKASH |
| 85 | HC-ARP836055 | ASHOK KUMAR |
| 86 | HC-EXJ926027 | SUBASH CHANDER |
| 87 | SGCT-EXK981574 | MOHAMMAD MANZOOR PARRAY |
| 88 | SGCT-EXK982027 | REYAZ AHMED |
| 89 | CONST-372/ JKAP-11TH | MOHAMMAD SIDIQ |
| 90 | CONST-EXK003261 | REYAZ AHMED |
| 91 | CONST.EXK097004 | MUDASIR RASOOL |
| 92 | CONST.EXK105505 | MEHRAJ UD DIN |
| 93 | CONST.EXK112256 | SYED ABASS HUSSAIN |
| 94 | CONST.EXJO75447 | JAFFAR AHMED |
| 95 | CONST.EXJO65445 | MOHAMMAD AHRAF |
| 96 | FOLL-EXJO65855 | MANJEET SHOOR |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 97 | CONST.EXK984816 | PRITHIPAUL SINGH |
| 98 | CONST.EXK991881 | KHURSHEED AHMED |
| 99 | CONST.ARP925682 | MUNEER HUSSAIN |

**JHARKHAND**

| | | |
|---|---|---|
| 100 | HAVALDAR | SANTU RAJAK |
| 101 | CONST-547 | SURENDRA PRASAD SAHA |
| 102 | CONST-393 | ANGESH MEHATA |
| 103 | CONST-499 | SHYAM SUNDAR PRASAD |
| 104 | CONST-419 | SURENDRA YADAV |
| 105 | CONST | AJEET KUMAR VISHWAKARMA |

**KARNATAKA**

| | | |
|---|---|---|
| 106 | SI | S JAGADEESH |
| 107 | ASI | M KRISHANA |
| 108 | ASI | K O TIPPESWAMAY |
| 109 | ASI | L VENKATESHALU |
| 110 | HC-5609 | HUCHAIAH |
| 111 | HC-4054 | K GOVINDA RAJAIAH |
| 112 | HC-33 | R C HARISH |
| 113 | HC-99 | RAGHUPATHI GOWDA |
| 114 | HC-510 | DALIGAPPA |
| 115 | HC-111 | M CHANDRAPPA |
| 116 | HC-341 | S S DIKSHITH |
| 117 | HC-580 | K JAYARAMAPA |
| 118 | CONST-317 | BASAVARAJ WAGE |
| 119 | CONST-368 | USMAN BASHA |
| 120 | CONST-1629 | M J NEGINALA |
| 121 | CONST-1617 | MAHALINGA |
| 122 | CONST-300 | GIRISH |
| 123 | CONST-547 | RAJU |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 124 | CONST-74 | R G PRAMOD |
| 125 | CONST-224 | C M NAGARAJ SINGH |
| 126 | CONST-164 | S G HIREMATH |
| 127 | CONST-218 | R RATHOD |
| | | **KERALA** |
| 128 | SENIOR CIVIL POLICE OFFICER-4263 | RAJEEVAN M B |
| 129 | CIVIL POLICE OFFICER-6207 | SRI SAJI SEBASTIAN |
| | | **MADHYA PRADESH** |
| 130 | ASI | VIDYARAM DOHRE |
| 131 | HC-508 | BASANT VARMA |
| 132 | HC-377 | MAHESH YADAV |
| 133 | HC-681 (DRIVER) | RIKHIRAM YADAV |
| 134 | CONST-329 | ATIBAL SINGH |
| | | **MAHARASHTRA** |
| 135 | HC-1290 | NANJI BARKU NAGOSE |
| 136 | HC-23591 | VILAS VITHOBA SHINDE |
| 137 | HC-22560 | NITIN SHRIDHAR PARAB |
| 138 | CONST-3254 | BANDU GHISU WACHAMI |
| 139 | CONST-3966 | DIPAK MUKUNDA SADMAKE |
| | | **MEGHALAYA** |
| 140 | HAVALDAR | KHOMRAJ BHATTARAI |
| 141 | CONST | HELPINGSTONE NONGKSEH |
| 142 | CONST | KUNDAN DALU |
| 143 | UBC-124 | MRINAL KT MODOK |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| | | **NAGALAND** |
| 144 | CONST-118022 | A KHEKATO CHISHI |
| 145 | CONST-100357 | R BERMONG YIMCHUNGER |
| | | **PUNJAB** |
| 146 | ASI-841/KPT | SURINDER SINGH |
| | | **RAJASTHAN** |
| 147 | CONST-1594 | KHUMARAM |
| | | **TAMIL NADU** |
| 148 | HC-784 | C MUNUSAMY |
| | | **TELANGANA** |
| 149 | CONST-5572 | B SREENIVAS |
| | | **UTTAR PRADESH** |
| 150 | ADDL. S.P | MUKUL DIWEDI |
| 151 | INSPECTOR C.P | YASHWANT LAL |
| 152 | IINSPECTOR C.P | RAMESH KUMAR YADAV |
| 153 | INSPECTOR C.P | SUKHDEV SINGH SIDDHU |
| 154 | INSPECTOR C.P | RAMESH CHANDRA TIWARI |
| 155 | S.I. C.P | DINESH SINGH YADAV |
| 156 | S.I.C.P | SOBHA YADAV |
| 157 | S.I.C.P | SUKHVIR SINGH |
| 158 | S.I.C.P | SATENDRA KUMAR |
| 159 | S.I.C.P | SATYAVIR SINGH |
| 160 | S.I.C.P | AKHTAR KHAN |
| 161 | S.I.C.P | ARUN KUMAR SINGH |
| 162 | S.I.C.P | BIJENDRA KUMAR |
| 163 | S.I.C.P | SARVESH KUMAR YADAV |
| 164 | S.I.C.P | AWDHESH KUMAR |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 165 | S.I.C.P | MANOJ MISHRA |
| 166 | S.I.C.P | VIKASH BHARTI |
| 167 | S.I.C.P | SANTOSH KUMAR YADAV |
| 168 | S.I.C.P | RAKESH KUMAR TYAGI |
| 169 | S.I. C.P(V/S) | LALLU YADAV |
| 170 | S.I. | NARDEV SINGH |
| 171 | H.O.M | SURYAKANT NAILA |
| 172 | H.C.(P)C.P | RAMESH CHANDRA MISHRA |
| 173 | H.C.(P)C.P | SURENDRA PAL SINGH |
| 174 | H.C.(P)C.P | NARENDRA KUMAR |
| 175 | H.C.(P)C.P | RAJ BAHADUR |
| 176 | H.C.(P)LIU | BHUSHAN DATT SHARMA |
| 177 | H.C.(P) A.P | LAKHMI SINGH |
| 178 | H.C.(P) | TRILOKI TIWARI |
| 179 | H.C.(P) | SUBHASH CHANDRA |
| 180 | H.C.(P) | RAM KUNWAR PANDEY |
| 181 | LFM(P) | KALICHARAN |
| 182 | H.C. C.P | RAM KHELAWAN |
| 183 | H.C. C.P | HARISHCHANDRA RAM |
| 184 | H.C. C.P | RAM KRISHNA YADAV |
| 185 | H.C. C.P | RAMANAND SINGH |
| 186 | H.C. C.P | RAJKUMAR YADAV |
| 187 | H.C. C.P | RAVINDRA SINGH RATHI |
| 188 | H.C. C.P | SUDESH PAL SINGH |
| 189 | H.C. C.P | SAMAY SINGH |
| 190 | H.C. C.P | RAJENDRA KUMAR |
| 191 | H.C. C.P | RAMVIR SINGH |
| 192 | H.C. C.P | LAJPAT SINGH |
| 193 | H.C. C.P | SHIVPUJAN SHARMA |
| 194 | H.C. C.P | AWADH PRATAP SINGH |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 195 | H.C. A.P | DAAN SINGH |
| 196 | H.C. A.P | SABHAPATI |
| 197 | H.C. PAC | TEJ PRATAP SINGH |
| 198 | H.C. PAC | BHARAT UPADHYAY |
| 199 | H.C. | KAILASH CHAND |
| 200 | A.O. | UMESH SINGH |
| 201 | CONS.DRIVER | ANIL KUMAR |
| 202 | CONS.DRIVER | SACHCHIDA NAND PANDEY |
| 203 | CONS.DRIVER | ZAHEER AHMAD |
| 204 | CONS.DRIVER | RAM PRAKASH |
| 205 | CONS. DRIVER | INDRADEV UPADHYAY |
| 206 | CONS. DRIVER | AKSHAY KUMAR |
| 207 | CONS. C.P | YASHVEER SINGH |
| 208 | CONS. C.P | NARSINGH YADAV |
| 209 | CONS. C.P | CHHOTE LAL |
| 210 | CONS. C.P | SATISH |
| 211 | CONS. C.P | MOHAN |
| 212 | CONS. C.P | SACHCHIDA NAND MISHRA |
| 213 | CONS. C.P | RAMESH SINGH |
| 214 | CONS. C.P | RAM SWAROOP |
| 215 | CONS. C.P | LAXMIKANT TIWARI |
| 216 | CONS. C.P | RAMA SHANKAR MISHRA |
| 217 | CONS. C.P | BALENDRA SINGH |
| 218 | CONS. C.P | GOVIND DAS |
| 219 | CONS. C.P | RAJNATH YADAV |
| 220 | CONS. C.P | RAMAKANT TRIPATHI |
| 221 | CONS. C.P | PRAMOD KUMAR |
| 222 | CONS. C.P | SUDESH KUMAR |
| 223 | CONS. C.P | RUPENDRA KUMAR |
| 224 | CONS. C.P | NITIN KUMAR CHAUHAN |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 225 | CONS.C.P | JITENDRA KUMAR |
| 226 | CONS. C.P | SATISH KUMAR |
| 227 | CONS. C.P | DEVENDRA PAL SINGH |
| 228 | CONS. C.P | PRADEEP KUMAR |
| 229 | CONS. C.P | SATENDRA SINGH |
| 230 | CONS. C.P | SANJEEV KUMAR |
| 231 | CONS. C.P | RAGHURAJ SINGH |
| 232 | CONS. C.P | DILIP KUMAR |
| 233 | CONS. C.P | HAR NANDAN SINGH |
| 234 | CONS. C.P | YASHPAL SINGH |
| 235 | CONS. C.P | VEERPAL SINGH |
| 236 | CONS. C.P | BHIMSEN |
| 237 | CONS. C.P | MO. SAHEEM KHAN |
| 238 | CONS. C.P | RAJESH BABU |
| 239 | CONS. C.P | SUSHEEL KUMAR |
| 240 | CONS. C.P | HARI SHANKAR PANDEY |
| 241 | CONS. C.P | JAIPAL SINGH YADAV |
| 242 | CONS. C.P | OM PRAKSH |
| 243 | CONS. C.P | JAGE LAL |
| 244 | CONS. C.P | ARUN KUMAR |
| 245 | CONS. C.P | SHYAM SINGH |
| 246 | CONS. C.P | MAHI LAL |
| 247 | CONS. C.P | SUNIL KUMAR SINGH |
| 248 | CONS. C.P | ABHISEK PRATAP SINGH |
| 249 | CONST CP | HARUN ALI |
| 250 | CONST CP | VIJAY KUMAR |
| 251 | CONS.C.P/TP | SANT KUMAR |
| 252 | CONS. TP | SURESH PAL |
| 253 | CONS. AP | JAGDISH CHANRA TRIPATHI |
| 254 | CONS. AP | AWDHESH SINGH |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 255 | CONS. | OMKAR SINGH YADAV |
| 256 | CONS. | MANISH KUMAR SHARMA |
| 257 | CONS. | SATYA PRAKASH SAROJ |
| 258 | CONS. | RADHEY SHYAM RAI |
| 259 | CONS. | AWDESH YADAV |
| 260 | CONS. | ALOK KUMAR |
| 261 | CONS. | RAJ KUMAR YADAV |
| 262 | CONS. | ASHOK KUMAR |
| 263 | CONST. | MANOJ PRATAP SINGH |
| 264 | FIREMAN | GYAN SINGH YADAV |
| 265 | FIREMAN | VED PRAKASH SHARMA |
| | | **UTTARAKHAND** |
| 266 | PLATOON COMMANDER | RUP KISHOR |
| 267 | HC | DHAN SINGH CHAUHAN |
| 268 | CONST-318 | PRAVEEN KUMAR |
| 269 | CONST-1002 | BASANT SINGH BORA |
| 270 | CONST-233 | PANKAJ CHAUHAN |
| 271 | CONST | ANANT KUMAR |
| 272 | CONST-472 | AJAY PRAKASH |
| 273 | CONST-1236 | AJAY SINGH |
| 274 | CONST-348 | DINESH KUMAR |
| 275 | CONST-853 | RAJENDRA SINGH RAVAT |
| | | **WEST BENGAL** |
| 276 | SI | RANJIT KUMAR PAUL |
| 277 | SI | DEBASISH CHAKRABORTY |
| 278 | ASI(UB)-2105 | AMOD GURUNG |
| 279 | ASI(UB)-507 | ASHIM MISHRA |
| 280 | ASI(UB)-283 | SUBHAS CHANDRA DUTTA |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 281 | ASI(AB)-189 | BISHUDHANADA MISRA |
| 282 | CONST-1126 | RANJIT KUMAR BARMAN |
| 283 | CONST-879 | MANOJ RANJAN MONDAL |
| 284 | CONST-881 | JOYDEB GHOSH |
| 285 | CONST-1434 | SWARNA KUMAR GHOSH |
| 286 | CONST-433 | AMIT PRAMANIK |
| 287 | CONST-555 (LADY) | PINKY ROY |
| 288 | CONST-209 | SHIB SANKAR RAHIDAS |
| 289 | CONST-1245 | ARUN KUMAR DATTA |
| 290 | CONST-487 | ASHOKE KUMAR GIRI |
| 291 | CONST-1071 | SUBHAS GORAI |
| 292 | CONST-435 | NABA KUMAR HAIT |
| 293 | CONST-1331 | SWAPAN KUMAR NAYEK |
| 294 | CONST-683 | MADAN MOHAN DAS |
| 295 | CONST-655 | NEMAI DOLAI |
| 296 | CONST-467 | PANKAJ BANERJEE |
| 297 | CONST-258/W | SUBRTA KUMAR CHOUDHURI |
| 298 | SAP | BRAJA GOPAL MAJI |

**BSF**

| | | |
|---|---|---|
| 299 | DC-10801659 | SUNIL KUMAR BEHRA |
| 300 | DC/PILOT-10282175 | BHAGWATI PRASAD |
| 301 | DC/IR AME-80898949 | DHIRENDER KUMAR |
| 302 | INSPECTOR-06000804 | SATYA NARAIN SHARMA |
| 303 | INSPECTOR-15150005 | RAGHVENDRA KUMAR YADAV |
| 304 | SI/JAM-121400682 | SURENDER SINGH |
| 305 | SI/JAM-10000802 | CHHOTE LAL SHARMA |
| 306 | SI/JAM-06000813 | RABINDRA KUMAR |
| 307 | SI-040012541 | SHYAM KUMAR NAIK |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 308 | SI-143101756 | MAHENDER YADAV |
| 309 | ASI-860982652 | SOHAN LAL YADAV |
| 310 | ASI-1000801 | DEVENDRA PAL CHAUHAN |
| 311 | HC/DVR-880044170 | YASHPAL |
| 312 | HC-954552411 | BRIJ MOHAN L SHARMA |
| 313 | HC-840060138 | PATEL KARAMESHI BHAI |
| 314 | HC-914888444 | GIREESH KUMAR SHUKLA |
| 315 | HC-920066496 | DINESH GIRI |
| 316 | HC-901722272 | BALBIR SINGH |
| 317 | HC-901070151 | CHANDRA PAL SINGH |
| 318 | HC-891513261 | MD ISRAIL MALLIC |
| 319 | HC-890029321 | SRI RAM SINGH |
| 320 | HC-902543928 | SATISH KUMAR |
| 321 | CONST-032552461 | KAMALESH SINGH |
| 322 | CONST-021920480 | PRASHANTA ROY |
| 323 | CONST-120622065 | RAKESH NEHRA |
| 324 | CONST-110401904 | VIJAY KUMAR |
| 325 | CONST-061567001 | HARIKESH PRASAD |
| 326 | CONST-991870589 | SIBASIS PANDA |
| 327 | CONST-914330062 | RAVINDER KUMAR |
| 328 | CONST-113656417 | MITHUN BARMAN |
| 329 | CONST-12451447 | SHRIKANT YADAV |
| 330 | CONST-010094196 | M SUVVA REDDY |
| 331 | CONST-010025150 | KISHORE RANJAN RAWAT |
| 332 | CONST-021311831 (COOK) | SHYAMAL KARMAKAR |
| 333 | CONST-080096319 | RAJU NAIKAR |
| 334 | CONST-130811476 | DILWAR HOSSAIN |
| 335 | CONST-088001684 | TRILOK DOWARAH |
| 336 | CONST-032541650 | LOLARK MANI TRIPATHI |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 337 | CONST-080051849 | GURDEEP SINGH |
| 338 | CONST-910075307 | BABU LAL MARANDI |
| 339 | CONST-980080986 | BABULAL RAM |
| 340 | CONST-130850667 | BAPI ROY |
| 341 | CONST-960025316 | MAHENDRA RAM |
| 342 | CONST-13041025 | JATINDER SINGH |
| 343 | CONST-120907106 | MOHIDUL ISLAM |
| 344 | CONST-951542316 | DELLANKIRED DAPPA |
| 345 | CONST-896440095 | MOHAN LAL |
| 346 | CONST-04002900 | OM PRAKASH |
| 347 | CONST-154501950 | TAPESHWAR KUSHWAHA |
| 348 | CONST-110404859 | RAJ KUMAR |
| 349 | L/NK-8410110087 | I TOHO SEMA |
| 350 | CONST-914037545 | MD YOUSUF BHAT |
| 351 | CONST-100026625 | ALOK RANJAN |
| 352 | CONST-14800582 (COOK) | BABAN SAHA |
| 353 | CONST-911360619 | RAJ KUMAR |

**CISF**

| | | |
|---|---|---|
| 354 | INSP/MIN-844471165 | P S SARKAR |
| 355 | HC/GD-892293416 | V V RAMAPPA |
| 356 | HC/GD-895020468 | BAJ SINGH |
| 357 | CONST-932297451 | M S RAJPUT |
| 358 | CONST-932297530 | RAJ BAHOR CHARMAKAR |
| 359 | CONST-972310165 | BISHNU DAS |
| 360 | CONST-024330156 | AMIT KUMAR SINGH |
| 361 | CONST-33260062 | JAYA KUMAR P |
| 362 | CONST-062120108 | ASLAM ALAM |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| | **CIVIL DEFENCE** | |
| 363 | HOME GUARD | MAHADEV PRASAD MISHRA |
| 364 | DRIVER OPREATOR (FIRE SERVICE) | D MURALI DRISHANA KRISHNA |
| | **CRPF** | |
| 365 | COMDT-4705 | PRAMOD KUMAR |
| 366 | DY. COMDT.-6892 | B K SHYAM NIWAS |
| 367 | SI/T-921040019 | SANJAY KUMAR SINGH |
| 368 | SI/MT-830738783 | G JAYACHANDRA |
| 369 | ASI/RO-913099752 | D VIJAY RAJ |
| 370 | HC/GD-913106676 | BHOLA SINGH |
| 371 | HC/DVR-990820016 | R K RANA |
| 372 | HC/GD-951160734 | S RANGA RAGHVAN |
| 373 | HC/GD-971420739 | PRADEEP TIRKEY |
| 374 | HC/GD-913282081 | VIR SINGH |
| 375 | HC/DVR-940260092 | JAGTAR SINGH |
| 376 | HC/GD-911151683 | K OPENDRASINGH |
| 377 | HC/GD-035241715 | ANIL KUMAR SINGH |
| 378 | CONST/GD-105011376 | ASHOK KUMAR JAT |
| 379 | CONST/GD-115240706 | LAJU N S |
| 380 | CONST/GD-041600259 | FATTE SINGH KUDOPA |
| 381 | CONST/GD-115178186 | LAXMAN PURTY |
| 382 | CONST/GD-075108091 | RUP NARAYAN DAS |
| 383 | CONST/GD-025022167 | DEVENDRA CHAURSIYA |
| 384 | CONST/GD-140040672 | RANJAN DAS |
| 385 | CONST/GD-065107947 | MRITUNJOY MUKHARJEE |
| 386 | CONST/DVR-005212638 | SAIDANE NANA UDE SINGH |
| 387 | CONST/GD-135147917 | GODSESATISH GOUND |
| 388 | CONST/GD-060062082 | APURBA DEKA |
| 389 | CONST/GD-061800797 | BALEN HARIZAN |
| 390 | CONST/GD--085190393 | SANTOSH SAW |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 391 | CONST/GD-025261465 | SATISH CHAND |
| 392 | CONST/GD-010620019 | K K YADAV |
| 393 | CONST/GD-045261282 | RAJESH KUMAR |
| 394 | CONST/GD-031512305 | DIBAKAR DAS |
| 395 | CONST/GD-105161253 | AJAY KUMAR |
| 396 | CONST/GD-095061052 | MANOJ KUMAR |
| 397 | CONST/GD-105130179 | RAVI KUMAR |
| 398 | CONST/GD-145201137 | DIWAKAR KUMAR |
| 399 | CONST/GD-105262102 | HARENDRA PANWAR |
| 400 | CONST/GD-110722437 | SINOD KUMAR |
| 401 | CONST/GD-105317307 | PALASH MONDAL |
| 402 | CONST/GD-105312189 | DIPAK GHOSH |
| 403 | CONST/GD-105162704 | RAMESH KUMAR |
| 404 | CONST/GD-135153284 | PRANJAL PACHANI |
| 405 | CONST/GD-110071963 | SACHIN KUMAR |

**ITBP**

| | | |
|---|---|---|
| 406 | AC/GD-830070522 | RATTAN SINGH |
| 407 | HC/AT-017021263 | ASHOK KUMAR |
| 408 | HC/GD-000090224 | MANISH KUMAR |
| 409 | HC/GD-930190092 | DEVENDER SINGH |
| 410 | CONST/GD-10441144 | DEBDAS PANDIT |
| 411 | CONST/WM-050180117 | AKHTHAR ALI |
| 412 | CONST/GD-090170049 | PRATAP KUJUR |

**MHA**

| | | |
|---|---|---|
| 413 | SI/GD-140619 | VIKAS SINGH |

**NDRF**

| | | |
|---|---|---|
| 414 | SI/GD-040012841 | SHYAM KUMAR NAIK |
| 415 | HC/GD-870153916 | GIRDHARI SINGH |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 416 | CONST/GD-04002900 | OM PRAKASH |
| 417 | CONST/GD-060220013 | ASHOK KUMAR SENGAR |
| 418 | CONST/GD-070352117 | HARVEER SINGH |

**NIA**

| | | |
|---|---|---|
| 419 | AC-41109748 | MOHD TANZEEL |

**NSG**

| | | |
|---|---|---|
| 420 | LT. COL-66162I | NIRANJAN E K |

**RPF**

| | | |
|---|---|---|
| 421 | INSPECTOR | AWADH KISHOR SINGH |
| 422 | ASI | PURAN LAL |
| 423 | ASI | SUNIL KUMAR GOYAL |
| 424 | HC | B SUDHAKAR |
| 425 | HC | DASARATH HEMBRAM |
| 426 | HC | C K MOHAN |
| 427 | HC | DUDHNATH DHURIA |
| 428 | HC | RAM PRATAP SINGH |
| 429 | CONST | K NAGARAJA RAO |
| 430 | CONST | SACHIN SHINDE |
| 431 | CONST | SATISH SHANKAR SUTAR |
| 432 | CONST | KRISHAN CHANDER |
| 433 | CONST | S K DAS |
| 434 | CONST | M A MULLA |
| 435 | CONST | MANJAPPA M |

**SPG**

| | | |
|---|---|---|
| 436 | SO-I(M)-B108017M | KESHAV DEV SHARMA |
| 437 | SSA-B 107940M | NARENDRA SINGH |
| 438 | SA9 (COOK)-B208618V | BHAGWAN SAHAY |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 439 | SA-B 007547C | RABINDRANATH PAL |
| 440 | SA-A 907316R | AJENDRA PAL |

**SSB**

| | | |
|---|---|---|
| 441 | INSPECTOR/GD | RAMESH CHANDRA JOSHI |
| 442 | 2I/C | RAJESH SHIVRAIN |
| 443 | SI/T | OM PRAKASH BHARMORIA |
| 444 | SI/GD | DIP SINGH SODHA |
| 445 | SI/GD | JAGMOHAN SINGH |
| 446 | SI/GD | VIVEK KUMAR PURI |
| 447 | HC/GD-9860802 | MADAN LAL |
| 448 | HC/GD-20190125 | SURESH PATHAK |
| 449 | HC/GD-9052610 | DIGEN CHANDRA ROY |
| 450 | HC/MIN-151050049 | MANOJ KUMAR |
| 451 | NK/GD-8988303 | NAREN SAIKIA |
| 452 | NK/GD-8983129 | K S PHANINGMAI |
| 453 | LNK(GD)-9596326 | THUPUZO RAKHO |
| 454 | CONST/GD-110692049 | SANJEET KUMAR SINGH |
| 455 | CONST/GD-120090269 | VISHAL GHOSH |
| 456 | CONST/GD-120772739 | SURINDER KUMAR |
| 457 | CONST/COOK-689098 | BHASKAR CHHETRI |
| 458 | CONST/GD-90617295 | PATIL SUDHIR BABAN |
| 459 | CONST/GD-60022062 | JAGDISH SARKAR |
| 460 | CONST. COOK-74971 | NARAYAN SINGH |
| 461 | CONST/GD-70101988 | DHANEWAR SIRIN PRALHADRO |
| 462 | CONST/ GD-9885402 | ODITETNSU |
| 463 | CONST/COOK-8183738 | AJAY KUMAR |
| 464 | CONST/GD-50372604 | ARBIND KUMAR MISHRA |
| 465 | CONST/GD-131023387 | KALYAN SUNDI |

| S.No. | Rank | Late S/Sri |
|---|---|---|
| 466 | RCONST/GD-150190016 | HIMANSHU KUMAR |
| 467 | CONST/GD-9977633 | SONAM STANZIN |
| 468 | CONST/GD-70090443 | TUTU MONI DAS |
| 469 | CONST/COOK-647943 | SUBHASH GOSH |
| 470 | CONST/GD-12080521 | BIRENDER KUMAR |
| 471 | CONST/WC-70350391 | BISWAS HORO |
| 472 | CONST/GD-70420032 | ROMIYA BENYA |
| 473 | CONST/GD-60365798 | MANOJ JOSHI |
| 474 | AFO/WI | SMT. KARPE NGOMDIR |
| 475 | FPO | N ZILA SINGH |
| 476 | STENO | A K DEY |
| 477 | STORE KEEPER | TRILOKI PRASAD PRAJAPATI |
| 478 | UDC | RAJU GOHAIN |
| 479 | PEON | TANAM DULOM |

●●●

# The Last Post - A True Story

Reportedly, it all began in 1862 during the American Civil War, when Union Army Captain Robert Ellicombe was with his men near Harrison's Landing in Virginia. The Confederate Army was on the other side of the narrow strip of land.

During the night, Captain Ellicombe heard the moans of a soldier who lay severely wounded on the field. Not knowing if it was a Union or Confederate soldier, the Captain decided to risk his life and bring the stricken man back for medical attention. Crawling on his stomach through the gunfire, the Captain reached the stricken soldier and began pulling him toward his encampment.

When the Captain finally reached his own lines, he discovered it was actually a Confederate soldier, but the soldier was dead.

The Captain lit a lantern and suddenly caught his breath and went numb with shock. In the dim light, he saw the face of the soldier. It was his own son. The boy had been studying music in the South when the war broke out. Without telling his father, the boy enlisted in the Confederate Army.

The following morning, heartbroken, the father asked permission of his superiors to give his son a full military burial, despite his enemy status. His request was only partially granted.

The Captain had asked if he could have a group of Army band members play a funeral dirge for his son at the funeral.

The request was turned down since the soldier was a Confederate.

But, out of respect for the father, they did say they could give him only one musician.

The Captain chose a bugler. He asked the bugler to play a series of musical notes he had found on a piece of paper in the pocket of the dead youth's uniform.

This wish was granted.

The haunting melody, we now know as 'The Last Post' used at military funerals was born.

Contributed by

**Sri. S.N. Singh**

ADG (Rtd)

## ‘अन्तिम धुन’ – वास्तविक कहानी

यह गाथा है सन् 1862 के अमेरिकी गृह युद्ध के समय की जब यूनियन आर्मी सेना के कप्तान राबर्ट इलिकोम्बे अपने साथियों के साथ वर्जीनिया के हैरीसन लैंडिग के निकट थे तथा सामने दूसरी तरफ थी कानफेडरेट आर्मी।

युद्ध क्षेत्र में रात्रि के समय कैप्टन इलिकोम्बे ने एक सैनिक के कराहने की आवाज सुनी जो बुरी तरह जख्मी था। यह जाने बिना कि घायल सैनिक यूनियन आर्मी का है अथवा कानफेडरेट आर्मी का, कैप्टन ने अपनी जान को जोखिम में डालते हुए घायल सैनिक के चिकित्सीय मदद का निर्णय लिया। गोलाबारी के बीच रेंगते हुए कैप्टन घायल सैनिक तक पहुंच कर उसे अपने कैम्प की तरफ लाने लगा।

जब कैप्टन अन्ततः अपने कैम्प की सीमा में पहुंचा तब पाया कि वास्तव में वह एक कानफेडरेट सैनिक था, परन्तु वह सैनिक मर चुका था।

कैप्टन ने एक लालटेन जलाई और उसकी मद्धिम रोशनी में उक्त सैनिक का चेहरा देखा तो सदमे से सन्न रह गया । वह उसका अपना ही पुत्र था ।

जब युद्ध शुरू हुआ तो वह लड़का ‘साउथ’ में संगीत का अध्ययन कर रहा था। अपने पिता को बिना बताये वह कानफेडरेट आर्मी में भर्ती हो गया था ।

अगले दिन सुबह शत्रु सेना के लिये शहीद अपने पुत्र के शव को पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ दफनाने के लिये अपने रूंधे हुए गले से वरिष्ठ अधिकारियों से कैप्टन ने अनुमति मांगी। उसके आग्रह को आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया गया।

कैप्टन ने अपने पुत्र के अन्तिम संस्कार के समय आर्मी बैण्ड समूह द्वारा शोक धुन बजाये जाने की अनुमति मांगी ।

कानफेडरेट आर्मी का सैनिक होने के कारण उसके आग्रह को अस्वीकार कर दिया गया। परन्तु पिता के सम्मान को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने बैण्ड के एक सदस्य को देने की अनुमति दी । कैप्टन ने एक 'बिगुलर' को चुना । कैप्टन ने मृत युवा सैनिक की वर्दी की जेब से मिले पत्र में लिखित संगीत श्रृंखला की धुन बजाने के लिये कहा । कैप्टन की यह इच्छा मान ली गयी ।

यह वही 'अन्तिम धुन' है जो आज भी शहीद सैनिकों के सम्मान में गुंजायमान होती है ।

# The Last Post

*Day is done*
*Gone the sun*
*From the lakes*
*From the hills*

*From the sky*
*All is well*
*Safely rest*
*God is nigh*

*Fading light*
*Dims the sight*
*And a star*
*Gems the sky*
*Gleaming bright*
*From afar*
*Drawing nigh*
*Falls the night*

*Thanks and praise*
*For our days*
*Neath the sun*
*Neath the stars*
*Neath the sky*
*As we go*
*This we know*
*God is nigh.*

## अन्तिम धुन

बीत गया दिन।
सूरज चला गया
झीलों से, पहाड़ों से,
और आसमान से।
सब कुछ है ठीकठाक
रहो आराम से
ईश्वर है पास ही।

धुंधलाती रोशनी से
मद्धिम हुई दीठ।
तब एक तारा, विराजा आसमान में
चमक बिखेरता हुआ
वो बहुत दूर से, खींचता हुआ पास।
गहरा रही रात।

शुक्रिया और साधुवाद–
दिन जो हमारे रहे
नीचे सूरज के
और सितारों के
और आसमान के।
जभी हम चलते हैं
जानते हैं इसे
ईश्वर है पास ही।

**हिन्दी अनुवाद–श्री आनन्द सिंह**
aanandksingh@gmail.com